**निदेशालय पत्रांक 12420 दिनांक 12.06.2024 के आलोक में दिनांक 14.06.2024 को अधोहस्ताक्षरी के अध्यक्षता में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत नवनियोजित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के जिलास्तरीय योगदान एवं प्रशिक्षण संबंधित आहुत बैठक की कार्यवाही।**

यथा पंजीनुसार

दिनांक 14.06.2024 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में बन्दोबस्त कार्यालय, पटना, औरंगाबाद, भोजपुर, बक्सर, दरभंगा, समस्तीपुर, मधुबनी, सारण, गोपालगंज, मुज्जफरपुर, वैशाली, पूर्वी चम्पारण, भागलपुर, नवादा एवं गया के प्रभारी पदाधिकारी तथा बन्दोबस्त कार्यालय अररिया, पश्चिम चम्पारण, सहरसा, बेगूसराय, लखीसराय, खगड़िया, जहानाबाद, बांका, जमुई, मुंगेर, सीतामढ़ी, शिवहर, नालंदा, सुपौल, मधेपुरा, किशनगंज, पूर्णियाँ, कटिहार, शेखपुरा, अरवल, रोहतास, सिवान, कैमुर के सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी(मु0) के साथ विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत नवनियोजित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के जिलास्तरीय योगदान एवं प्रशिक्षण संबंधित कार्य हेतु आहुत बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्वप्रथम अधोहस्ताक्षरी द्वारा बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए निदेशालय पत्रांक 12420 दिनांक 12.06.2024 में वर्णित निम्नांकित एजेंडों पर चर्चा की गई :–

(i) भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक–585 दिनांक–31.01.2024 के आलोक में बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु बन्दोबस्त कार्यालय एवं शिविर कार्यालय हेतु सरकारी भवन की उपलब्धता की समीक्षा।

(ii) जिलावार पदस्थापित होने वाले विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के जिलास्तरीय योगदान के तैयारियों की समीक्षा।

(iii) विशेष सर्वेक्षण के जिलास्तरीय योगदान हेतु आवश्यक संसाधनों यथा–कम्प्यूटर, प्रिंटर, कुर्सी, टेबुल, इंटरनेट इत्यादि की उपलब्धता की समीक्षा।

(iv) जिला स्तर पर नवनियोजित कर्मियों के प्रशिक्षण के लिए चयनित स्थल एवं प्रशिक्षण हेतु आवश्यक संसाधनों की समीक्षा।

(v) अन्यान्य।

बैठक में सर्वप्रथम अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी जिलों को राज्यवार/जिलावार योगदान हेतु जिलावार पदस्थापित कर्मियों के आँकड़ा उपलब्ध कराया गया एवं इस आलोक में कर्मियों द्वारा जिला स्तर पर योगदान में लगने वाले समय इत्यादि की समीक्षा की गयी, जिसकी विवरणी निम्नवत हैः–

| क्र0 सं0 | प्रमण्डल का नाम | जिला का नाम | कुल अंचल | पदस्थापित किए गए नवनियोजित कर्मियों की संख्या | टेबुलों की संख्या | प्रस्तावित योगदान हेतु भवन | प्रस्तावित प्रशिक्षण हेतु भवन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | पटना प्रमण्डल | पटना | 23 | 396 | 4 | हिन्दी भवन, गुलजारबाग | बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग परिसर |
| 2 | | नालन्दा | 20 | 211 | 2 | बन्दोबस्त कार्यालय | कर्पूरी भवन, नालंदा |
| 3 | | रोहतास | 19 | 478 | 4 | संवाद कक्ष, उद्योग भवन, सदर | संवाद कक्ष, रोहतास |
| 4 | | कैमुर | 11 | 363 | 3 | बन्दोबस्त कार्यालय | महाराजा कॉलेज, मोहनियाँ, कैमूर |
| 5 | | भोजपुर | 14 | 283 | 5 | बन्दोबस्त कार्यालय | नागरिक प्रचारिणी सभागार, भोजपुर |
| 6 | | बक्सर | 11 | 244 | 4 | DRDA सभा कक्ष | एम0पी0 हॉईस्कूल, बक्सर |
| 1 | मगध प्रमण्डल | गया | 24 | 666 | 6 | RSTI Gaya | बन्दोबस्त कार्यालय, गया |
| 2 | | जहानाबाद | 7 | 93 | 2 | बन्दोबस्त कार्यालय | प्रखंड संसाधन केन्द्र, जहानाबाद सदर |
| 3 | | अरवल | 5 | 65 | 2 | बन्दोबस्त कार्यालय | बन्दोबस्त कार्यालय, अरवल |
| 4 | | नवादा | 14 | 256 | 3 | सदर अंचल | बन्दोबस्त कार्यालय, नवादा |
| 5 | | औरंगाबाद | 11 | 362 | 4 | नेहरू भवन, औरंगाबाद | टॉउन हॉल, औरंगाबाद |
| 1 | सारण प्रमण्डल | सारण | 20 | 428 | 3 | बन्दोबस्त कार्यालय | जिला परिषद, सभागार, सारण |
| 2 | | सिवान | 19 | 347 | 3 | अम्बेडकर भवन, समाहरणालय | अंबेडकर भवन, सिवान |
| 3 | | गोपालगंज | 14 | 326 | 3 | बन्दोबस्त कार्यालय | प्रखंड सभागार, थावे |
| 1 | तिरहुत प्रमण्डल | मुजफ्फरपुर | 16 | 416 | 5 | समाहरणालय परिसर मिटिंग हॉल | जिला परिषद सभागार |
| 2 | | सीतामढ़ी | 17 | 159 | 3 | नेहरू भवन, बन्दोबस्त कार्यालय | नेहरू भवन, बड़ा हॉल |
| 3 | | शिवहर | 5 | 31 | 2 | बन्दोबस्त कार्यालय | खेल मैदान भवन, शिवहर |
| 4 | | पश्चिम चम्पारण | 18 | 321 | 3 | बन्दोबस्त कार्यालय | सम्राट अशोक हॉल, पश्चिम चम्पारण |
| 5 | | पूर्वी चम्पारण | 27 | 356 | 5 | राजेन्द्र भवन सभागार | टॉउन हॉल, पूर्वी चम्पारण |
| 6 | | वैशाली | 16 | 374 | 4 | बन्दोबस्त कार्यालय | DRCC वैशाली |
| 1 | दरभंगा प्रमण्डल | दरभंगा | 18 | 338 | 3 | ऑडिटोरियम | ऑडोटोरियम, दरभंगा |
| 2 | | मधुबनी | 21 | 284 | 4 | न0 भवन | टॉउन हॉल, मधुबनी |
| 3 | | समस्तीपुर | 20 | 321 | 3 | संत कबीर इंटर कॉलेज | पंचायत सरकार भवन |
| 1 | कोशी प्रमण्डल | सहरसा | 10 | 94 | 2 | बन्दोबस्त कार्यालय | पंचायत सरकार भवन, कहरा |
| 2 | | सुपौल | 11 | 82 | 2 | बन्दोबस्त कार्यालय | आई0टी0आई0 कॉलेज |
| 3 | | मधेपुरा | 13 | 98 | 2 | बन्दोबस्त कार्यालय | कला भवन सदर अनुमंडल |
| 1 | पूर्णियाँ प्रमण्डल | पूर्णियाँ | 14 | 273 | 2 | बन्दोबस्त कार्यालय | बन्दोबस्त कार्यालय, पूर्णिया सभाकक्ष |
| 2 | | अररिया | 9 | 159 | 3 | बन्दोबस्त कार्यालय | बन्दोबस्त कार्यालय, अररिया, स्टेडियम हॉल |
| 3 | | किशनगंज | 7 | 102 | 2 | बन्दोबस्त कार्यालय | बन्दोबस्त कार्यालय, किशनगंज सभाकक्ष |
| 4 | | कटिहार | 16 | 331 | 3 | बन्दोबस्त कार्यालय | BRCC बन्दोबस्त कार्यालय |
| 1 | भागलपुर प्रमण्डल | बांका | 11 | 428 | 5 | डॉयट कार्यालय | जिला पंचायत संसाधन केन्द्र, बौंसी |
| 2 | | भागलपुर | 16 | 361 | 4 | टॉउन हॉल | टॉउन हॉल, भागलपुर |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुंगेर प्रमण्डल | बेगूसराय | 18 | 239 | 3 | ऑर्ट गैलरी | आर्ट गैलरी, कंकोल, बेगूसराय |
| 2 | | जमुई | 10 | 280 | 4 | बन्दोबस्त कार्यालय | उद्योग भवन |
| 3 | | खगड़िया | 7 | 52 | 2 | बन्दोबस्त कार्यालय | अनुमंडल सभागार |
| 4 | | लखीसराय | 7 | 67 | 3 | बन्दोबस्त कार्यालय | बन्दोबस्त कार्यालय, लखीसराय |
| 5 | | मुंगेर | 9 | 144 | 2 | बन्दोबस्त कार्यालय | संग्रहालय भवन |
| 6 | | शेखपुरा | 6 | 60 | 2 | बन्दोबस्त कार्यालय | इंडोर स्टेडियम |
| कुल योग | | | **534** | **9888** | **121** | | |

साथ ही उक्त बैठक में नवनियोजित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के योगदान प्रक्रियाओं हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नांकित निदेश दिया गया –

1. विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के योगदान के पूर्व पदस्थापित कर्मियों का योगदान हेतु तिथिवार सूची पूर्व से ही निर्धारित कर उक्त की सूचना सभी संबंधितों को देने का निदेश दिया गया ताकि विधि–व्यवस्था एवं कार्य सुचारू से क्रियान्वित हो सके, साथ ही इसके कारण अत्यधिक भीड़–भाड़ भी नहीं होगा एवं कार्य व्यवस्थित ढंग से पूर्ण हो सकेगा।
2. नव नियुक्त विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के योगदान प्रक्रिया में विधि –व्यवस्था संचालन हेतु स्थानीय प्रशासन को पूर्व में ही निर्धारित कार्यक्रम की सूचना देते हुए आवश्यक मानव संसाधन (पुलिस एवं मैजिस्ट्रेट) उपलब्ध कराने का अनुरोध करने का निदेश सभी संबंधितों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिया गया।
3. अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी संबंधित को गर्मी को देखते हुए पानी आदि की व्यवस्था योगदान स्थल / बन्दोबस्त कार्यालय में सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।
4. अधोहस्ताक्षरी द्वारा नियोजन की प्रक्रिया हेतु योगदान स्थल पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था करने एवं इसके लिए एक कर्मी को प्राधिकृत करने का निदेश दिया गया।
5. अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी संबंधितों को योगदान प्रक्रिया हेतु यदि आवश्यक हो तो कुर्सी, पंखे इत्यादि का आंकलन कर आवश्यकतानुसार भाड़े पर भी प्राप्त करने का निदेश दिया गया।
6. अधोहस्ताक्षरी द्वारा नवनियोजित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के जिलास्तरीय प्रशिक्षण हेतु अलग से पत्र निर्गत होने की सूचना देते हुए सभी संबंधितों को उक्त का अनुपालन संबंधितों को करने का निदेश दिया गया।
7. प्रत्येक जिले में योगदान लेने हेतु निर्धारित टेबुलों की संख्या के अनुसार प्रत्येक टेबुल पर प्रतिनियुक्त होने वाले कम्प्यूटर ऑपरेटर को निदेशालय द्वारा यूजर आई0डी0, पासवर्ड प्रदत्त किया जाएगा।

निदेशित किया गया कि प्रत्येक जिला अपने जिले के लिए निर्धारित टेबुल के अनुरूप कम्प्यूटर ऑपरेटर का नाम, पदनाम एवं मोबाईल न0 निदेशालय को मेल, Whatsapp Group द्वारा उपलब्ध कराएंगे।

अन्त में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

29/6/2024

**सहायक निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

D:\Sanjeev-2024\Mayur\Proceeding\10-2022 Proceeding 26-06-2024.docx

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–10 / 2022....12636....**पटना, दिनांक**....29/06/2024

**प्रतिलिपि** :– सभी सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मुख्यालय) / प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

29/6/2024

**सहायक निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–10 / 2022....12636....**पटना, दिनांक**....29/06/2024

**प्रतिलिपिः–** समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी पटना / रोहतास (सासाराम) / भोजपुर / बक्सर / दरभंगा / समस्तीपुर / मधुबनी / सारण / गोपालगंज / मुजफ्फरपुर / वैशाली / पूर्वीचम्पारण / भागलपुर / सिवान / कैमूर (भभूआ) / औरंगाबाद / बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय / लखीसराय / खगड़िया / जहानाबाद / बांका / जमुई / मुंगेर / सीतामढ़ी / शिवहर / नालंदा / सुपौल / मधेपुरा / किशनगंज / पूर्णियाँ / कटिहार / नवादा / गया / अररिया / पश्चिमी चम्पारण / सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

29/6/2024

**सहायक निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–10 / 2022....12636....**पटना, दिनांक**....29/06/2024

**प्रतिलिपि** :– प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप / संबंधित जिले के नोडल पदाधिकारी बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

29/6/2024

**सहायक निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (04) वि0सर्वे0–10 / 2022** ....12636....**पटना, दिनांक**:29/06/2024

**प्रतिलिपि** : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर को बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

29/6/2024

**सहायक निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–10 / 2022....12636....**पटना, दिनांक**....29/06/2024

**प्रतिलिपि** : निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

29/6/2024

**सहायक निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप